सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 284 | इंदौर, शुक्रवार 01 मई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

एमपी बरगी डैम हादसा

## सीएम यादव ने व्यक्त किया शोक, मृतकों के परिजनों के लिए 4-4 लाख रुपये मुआवजे का ऐलान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मध्यप्रदेश के जबलपुर में 30 अप्रैल को दर्दनाक हादसा हो गया। प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी जबलपुर के बरगी डैम में क्रूज डूब गया। हादसे की सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंची। फिलहाल, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इस बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर शोक जताया। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह संवेदनशील है। कुछ लोगों को बचा लिया गया है, लापता लोगों की तलाश जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जबलपुर में तेज आंधी-तूफान के कारण बरगी डैम में हुए दुखद क्रूज हादसे को लेकर स्थानीय प्रशासन एवं रेस्क्यू फोर्स का ऑपरेशन लगातार जारी है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पूर्ण संवेदनशीलता के साथ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और हर संभव सहायता सुनिश्चित की जा रही है।

## एग्जिट पोल्स से उत्साहित BJP अलर्ट मोड पर, बंगाल में महाबैठक; कौन-कौन जुटेंगे



**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु समेत 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आने वाले हैं। इससे पहले बुधवार को एग्जिट पोल्स जारी किए गए थे, जिनमें से ज्यादातर में भाजपा को बंगाल में जीत दिखाई गई है। इन अनुमानों को ममता बनर्जी ने खारिज किया है और टीएमसी को 226 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। इस बीच भाजपा उत्साहित है और वह काउंटिंग के लिए भी ऐसी तैयारी करना चाहती है कि कोई गड़बड़ी न हो। इसके लिए पार्टी ने शनिवार को एक बड़ी बैठक बुलाई है। इस मीटिंग में चर्चा की जाएगी कि कैसे काउंटिंग सेंटरों पर कार्यकर्ता समय पर पहुंच जाएं और पूरी मुस्तैदी से वहां निगरानी की जाए।

टीएमसी के कार्यकर्ताओं के साथ हिंसा ना हो और पूरी तरह मुस्तैदी भी रहे, इस पर भी फोकस किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक इस बैठक में शुभेंदु अधिकारी और दिलीप घोष जैसे सूबे के बड़े नेता रहेंगे तो वहीं राज्य के प्रभारी सुनील बंसल और मंगल पांडेय मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सह-प्रभारी अमित मालवीय और भूपेंद्र यादव भी मौजूद रहेंगे। ये नेता 27 अप्रैल को चुनाव प्रचार के समापन के बाद बंगाल से निकल गए थे, लेकिन मीटिंग के लिए फिर से आएंगे। हर विधानसभा सीट पर भाजपा ने विस्तारक नियुक्त किए थे। ये सब लोग भी मीटिंग में रहेंगे।

इस बीच भाजपा ने गुरुवार को राज्य के तमाम नेताओं से फीडबैक लिया है। इस फीडबैक के आधार पर उसे सरकार बनने की उम्मीद है। भाजपा को लगता है कि कम या ज्यादा सटीक पोल सही साबित होंगे और इन सर्वे ने जमीन की स्थिति को सही से भांप लिया है।

● सीएम मोहन यादव ने शुरू की किसान हेल्पलाइन 155253,

# बोले- असंभव कार्यों को पहुंचाया लक्ष्य तक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में किसानों को बेहतर सुविधा और त्वरित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नई पहल की है। राजधानी भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित कृषि कर्मयोगी उन्मुखीकरण प्रशिक्षण एवं कार्यशाला में उन्होंने टोल फ्री 'सीएम किसान हेल्पलाइन 155253' की शुरुआत की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री किसान कल्याण डैशबोर्ड और पैक्स समितियों में सदस्यता बढ़ाने के महा-अभियान का भी शुभारंभ किया गया।**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने खुद हेल्पलाइन से जुड़कर कृषि से संबंधित जानकारी ली और कहा कि यह पहल किसानों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। उन्होंने बताया कि कृषक कल्याण वर्ष के तहत प्रदेश के 16 विभाग मिलकर किसानों के हित में काम कर रहे हैं। उद्यानिकी, सहकारिता, पशुपालन और मत्स्य पालन जैसे विभागों को एक साथ जोड़कर सरकार किसानों की आय बढ़ाने और सुविधाएं बेहतर करने की दिशा में प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता के दम पर कई कठिन कामों को भी पूरा किया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से प्रदेश में पशुपालन क्षेत्र में बेहतर काम हुआ है और अब किसानों को दूध के




अच्छे दाम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में "दूध क्रांति" की दिशा में तेजी से काम हो रहा है।

### फसल के साथ एग्री वेस्ट से भी हो रही कमाई

किसानों की आय बढ़ाने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब खेती में नई तकनीकों का इस्तेमाल जरूरी हो गया है। उन्होंने बताया कि किसान अब फसल के साथ-साथ कृषि अपशिष्ट (एग्री वेस्ट) से भी कमाई कर रहे हैं। गेहूं, धान और मक्का के अवशेष से भूसा बनाकर अतिरिक्त आय प्राप्त की जा रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से किसानों तक नई तकनीक पहुंचेगी, जिससे लागत कम होगी और मुनाफा बढ़ेगा।

### ● किसान अब साल में दो की जगह तीन फसल भी ले रहे

मुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र में हुए बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले खेती काफी हद तक बारिश पर निर्भर थी, लेकिन अब सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से स्थिति बदली है। नहरों और बिजली के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंच रहा है, जिससे किसान अब साल में दो के बजाय तीन फसलें भी लेने लगे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के लिए समर्थन मूल्य के साथ बोनस जैसी योजनाएं भी लागू कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नदी जोड़ो परियोजनाओं से प्रदेश को बड़ा लाभ मिल रहा है। केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल जैसी परियोजनाओं से कई क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा बढ़ेगी और खेती को मजबूती मिलेगी।

### हर जिले में आयोजित हो रहे कृषि मेले

कार्यक्रम में कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा कि राज्य सरकार ने पूरे वर्ष को कृषक कल्याण के लिए समर्पित किया है और हर जिले में कृषि मेले आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं, कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस कार्यशाला में प्रदेशभर से 16 विभागों के 1600 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को शामिल किया गया है, ताकि योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

# कान्हा में 'केनाइन डिस्टेंपर वायरस' से बाघों की मौत

### ●9 दिनों में बाघिन और 4 शावकों की जान गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कान्हा टाइगर रिजर्व में एक बाघिन और उसके चार शावकों की मौत की गुत्थी सुलझ गई है। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में इन मौतों का कारण घातक 'केनाइन डिस्टेंपर वायरस' संक्रमण बताया गया है। कान्हा के डिप्टी डायरेक्टर प्रकाश कुमार वर्मा ने बताया कि जबलपुर स्थित स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ में हुए परीक्षणों में वायरस के संकेत मिले हैं। जानकारी के अनुसार, यह घटनाक्रम सरही



परिक्षेत्र की बाघिन T-141 और उसके परिवार से जुड़ा है। बाघिन के तीन शावकों की मौत 21 से 25 अप्रैल के बीच हुई थी। इसके बाद गंभीर रूप से बीमार बाघिन और उसके एकमात्र बचे शावक को रेस्क्यू कर मुक्की क्वॉरेंटाइन सेंटर में रखा गया, लेकिन 29 अप्रैल को दोनों ने दम तोड़ दिया। डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि केनाइन डिस्टेंपर वायरस एक संक्रामक बीमारी है जो मुख्य रूप से जंगली मांसाहारी जीवों के श्वसन, पाचन और तंत्रिका तंत्र को निशाना बनाती है। शुरुआत में शावकों के पोस्टमार्टम में पेट खाली मिलने और फेफड़ों में संक्रमण की बात सामने आई थी, जो इस वायरस के प्रमुख लक्षण हैं। यह वायरस बाघों के लिए अत्यधिक जानलेवा माना जाता है।

# यात्री सुविधाओं में पिछड़ता इंदौर

## साफ-सफाई, वाईफाई से लेकर खान-पान तक की शिकायतें

● टॉप 10 से बाहर होकर सीधे 13वें नंबर पर गिरा




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की साख पर सवाल खड़े हो गए हैं। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल द्वारा जारी वर्ष 2026 की पहली तिमाही की ताजा रिपोर्ट तो यही दर्शा रही है। जनवरी से मार्च की अवधि के लिए जारी एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी रिपोर्ट में इंदौर अब देश के प्रमुख हवाई अड्डों की सूची में 13वें पायदान पर पहुंच गया है। यह गिरावट इसलिए भी चौंकाने वाली है क्योंकि महज तीन महीने पहले, यानी वर्ष 2025 की अंतिम तिमाही में इंदौर देश के टॉप हवाई अड्डों में छठे स्थान पर काबिज था। वर्तमान में इंदौर एयरपोर्ट अपनी रैंकिंग और सुविधाओं को लेकर संघर्ष करता नजर आ रहा है।**

ताजा सर्वे रिपोर्ट के अनुसार इंदौर को 5 में से केवल 4.87 रेटिंग अंक ही प्राप्त हो सके हैं। इसके विपरीत पुणे एयरपोर्ट ने 4.96 अंकों के साथ पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। रैंकिंग में दूसरे स्थान पर चेन्नई 4.95 अंकों के साथ और तीसरे स्थान पर गोवा 4.94 अंकों के साथ मौजूद है। इंदौर की रेटिंग में आई इस कमी ने इसे देश के कई अन्य प्रतिस्पर्धी हवाई अड्डों से काफी पीछे धकेल दिया है। सर्वेक्षण के दौरान यात्रियों ने विभिन्न सुविधाओं को लेकर भारी असंतोष व्यक्त किया है। कुल 31 पैरामीटर्स में से 28 मानकों पर इंदौर एयरपोर्ट को बेहद कम रेटिंग दी गई है। यात्रियों की मुख्य शिकायतें साफ-सफाई, वाईफाई कनेक्टिविटी की खराब गुणवत्ता, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट्स की भारी कमी और एयरपोर्ट पर मनोरंजन के विकल्पों के अभाव को लेकर रही हैं। हालांकि प्रबंधन ने मार्च में उड़ान कैफे और वेटिंग एरिया विस्तार जैसी नई सुविधाएं शुरू की थीं, लेकिन ये प्रयास यात्रियों को संतुष्ट करने में पूरी तरह विफल साबित हुए। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधाओं, खान-पान के विकल्पों और सुरक्षा कर्मियों के व्यवहार को लेकर भी यात्रियों का अनुभव सुखद नहीं रहा। इंदौर एयरपोर्ट के पिछले रिकॉर्ड पर नजर डालें तो मौजूदा स्थिति चिंताजनक दिखाई देती है। वर्ष 2025 की वार्षिक रैंकिंग में इंदौर 4.92 अंकों के साथ देश में तीसरे स्थान पर रहा था, जिससे इसके शीर्ष पर पहुंचने की संभावनाएं जताई जा रही थीं। लेकिन अब 16 प्रमुख एयरपोर्ट्स की सूची में इंदौर का स्थान काफी नीचे चला गया है और इसके पीछे केवल श्रीनगर, पोर्ट ब्लेयर और अमृतसर जैसे हवाई अड्डे ही रह गए हैं। इस गिरावट के कारण इंदौर अब रायपुर, कालीकट, कोयंबतूर और भुवनेश्वर जैसे छोटे शहरों के एयरपोर्ट्स से भी पिछड़ गया है, जो शहर की अंतरराष्ट्रीय छवि के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

## एक मई से शुरू होगा हाउस लिस्टिंग ब्लॉक सर्वे, तैयारियां पूरी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शहर में जनगणना के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) सर्वे का शुभारंभ एक मई से किया जाएगा। सेल्फ इन्यूमरेशन की अवधि आज समाप्त हो गई है। अब प्रगणक एवं सुपरवाइजर घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे। यह सर्वे आगामी एक माह तक चलेगा।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वे के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज चार्ज ऑफिसर्स की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विस्तृत ब्रीफिंग की गई, साथ ही प्रगणक एवं सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण भी पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह सर्वे जनगणना निदेशालय के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है और इसमें प्राप्त आंकड़े देश की नीतियों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि जब सर्वे टीम घर-घर पहुंचे तो उन्हें सही और पूर्ण जानकारी दें तथा सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं दिया जाए।

## सुगम्य इंदौर अभियान के तहत एक्सिस ऑडिट टीमों को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा इंदौर जिले में दिव्यांगजनों के लिए सार्वजनिक भवनों में बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सुगम्य इंदौर अभियान प्रारंभ किये जाने हेतु एक्सिस ऑडिट टीम का गठन किया गया है। इसी क्रम में आज सुगम्य इंदौर अभियान के तहत इंदौर के एक निजी होटल में एक्सिस ऑडिट टीमों को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी, सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालक पवन चौहान, अग्रणी बैंक प्रबंधक आशीष कटियार एवं होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित सूरी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुगम्य इंदौर अभियान के तहत् सार्वजनिक भवनों का एक्सिस ऑडिट किये जाने हेतु निर्धारित मापदण्ड के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत रूप जानकारी दी गई। यह जानकारी मूक बधिर प्रशिक्षण संस्थान इंदौर के नंदकिशोर बचले द्वारा दी गई। इस अवसर पर सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत भवनों का सर्वेक्षण एमपीएसडीसी द्वारा विकसित 'डिस्ट्रिक जीआईएस परख' ऐप के बारे में जानकारी दी गई। इसके संबंध में प्रशिक्षण जीआईएस डाटा स्पेशलिस्ट इंदौर डिवीजन की सुश्री निधि चौहान द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी टीमों के द्वारा अपने-अपने सदस्यों से विस्तार से चर्चा की गई तथा सर्वेक्षण कार्य शीघ्रता से करना सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त संचालक द्वारा बताया गया कि यह अभियान कलेक्टर शिवम वर्मा की संवेदनशील पहल के कारण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्री महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ की विकास अधिकारी डॉ. डॉली जोशी द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर निगम इंदौर, एमपीआईडीसी, उद्योग, इंदौर विकास प्राधिकरण, एमजीएम मेडिकल कॉलेज, हाउसिंग बोर्ड, पुलिस हाउसिंग विकास निगम, एमपीईबी शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग स्वास्थ्य विभाग, बैंकर्स, ग्रामीण निकाय, होटल ऐसोसिएशन, शहरी विकास अभिकरण, भारतीय डाक विभाग के प्रतिनिधिगण के साथ-साथ सामाजिक न्याय विभाग की स्वैच्छिक संस्थाओं के अधिकारी कर्मचारी शिक्षक प्रशिक्षक सहित 100 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

## नियम तोड़ने वालों पर सख्ती 64 के लाइसेंस निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई जारी है। अलग-अलग जगह और चौराहों पर पुलिस चालान काट रही है। हेलमेट न लगाने वालों सहित रॉन्ग पार्किंग, रॉन्ग साइड गाड़ी चलाना, गलत नंबर प्लेट सहित नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर रही है। इसी तरह पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने पर 64 वाहन चालकों के लाइसेंस भी निलंबित कराए है। इंदौर में ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए पुलिस की टीमें लगातार शहर के



चौराहों, पब्लिक पैलेस, व्यस्ततम मार्केट्स सहित मुख्य सड़कों पर कार्रवाई कर रही है। ट्रैफिक पुलिस लोगों को जागरूक करने के साथ ही ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती भी कर रही है। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन कर खुद की और दूसरों की जान जोखिम में डालने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। बुधवार को सुबह से रात तक पुलिस ने अलग-अलग जगह कार्रवाई करते हुए चालान बनाए हैं।

## केक-गिफ्ट लेकर लौटे परिवार को फंदे पर लटकी मिली छात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। छोटी ग्वालटोली इलाके में 16 वर्षीय छात्रा ने अपने जन्मदिन से एक दिन पहले बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य शादी में गए थे। शाम को वे केक और गिफ्ट लेकर लौटे तो बेटी को फंदे पर लटका पाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।**



पुलिस के मुताबिक वंशिका (16) पिता मिश्रीलाल बरोले कक्षा 11वीं की छात्रा थी। छात्रा ने पिता से जन्म दिन पर कपड़े खरीदने के लिए 5 हजार रुपए मांगे थे, पिता ने 3 हजार रुपए देते हुए कहा कि अभी उनके पास इतने ही पैसे हैं। इसी बात को लेकर वह नाराज हो गई थी। वंशिका के पिता ऑटो मैकेनिक हैं और आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। बुधवार को परिवार में एक शादी थी, जिसमें उसकी मां, बहनें और अन्य सदस्य शामिल होने गए थे, लेकिन वंशिका ने जाने से इनकार कर दिया और घर पर ही रुक गई। जब रात में परिवार वापस लौटा तो वंशिका घर में फंदे पर लटकी मिली। यह देख परिजनों के होश उड़ गए। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों ने बताया कि गुरुवार को वंशिका का जन्मदिन है और वह कपड़े खरीदना चाहती थी।

बिश्नोई गैंग के गुर्गे हैरी बाक्सर की कार्यप्रणाली को लेकर सनसनीखेज खुलासे

# अपने ही शूटरों पर भरोसा नहीं निगरानी के लिए अलग से बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे हैरी बाक्सर की कार्यप्रणाली को लेकर सनसनीखेज खुलासे हुए हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि वह अपने ही शूटरों पर भरोसा नहीं करता था और उनकी निगरानी के लिए अलग से बदमाश तैनात करता था।**

क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में आए राजपाल चंद्रावत ने पूछताछ में बताया कि गैंग की कार्यप्रणाली बेहद संगठित और खौफनाक थी। किसी भी वारदात से पहले रेकी के लिए भेजे गए बदमाशों के पीछे भी अलग से शूटर लगाए जाते थे, ताकि कोई गलती या धोखा न हो। इसी डर के कारण कई बदमाशों ने पुलिस के सामने सरेंडर तक कर दिया। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि गैंग ने शहर के एक बड़े बिल्डर से करीब 5 करोड़ रुपये की रंगदारी वसूली। यह रकम सीधे न लेकर क्रिप्टोकरेंसी के जरिए दुबई भेजी गई और वहां से हैरी बाक्सर तक पहुंचाई गई। खौफ के चलते बिल्डर ने अब तक पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। राजपाल ने बताया कि जेल में रहते हुए उसने देवास के बदमाशों से बिल्डर की रेकी करवाई थी। गैंग का अगला निशाना रेसकोर्स रोड निवासी बिल्डर विवेक दम्मानी था। उसके लिए जीतनगर के सोनू उर्फ रितेश को रेकी का जिम्मा सौंपा गया था और इशारा मिलते ही फायरिंग की पूरी तैयारी थी। गैंग के सदस्य आपसी संपर्क के लिए फेसटाइम और सिग्नल जैसे एन्क्रिप्टेड ऐप्स का इस्तेमाल करते थे, जिससे वे पुलिस की पकड़ से दूर रह सकें। राजपाल चंद्रावत ने बायो-कॉटन कारोबारी दिलीप सिंह राठौर के घर हुई फायरिंग में भी अपनी भूमिका स्वीकार की है। उसने बताया कि 50 लाख के लेनदेन विवाद की जानकारी उसने गैंग को दी थी, जिसके बाद राठौर को 10 करोड़ की फिरौती कॉल आई। इस मामले में पुलिस ने देवास से राजपाल के करीबी सुमेर सिंह सोलंकी को भी हिरासत में लिया है।



# बचाव में उतरे युवक की चाकू मारकर हत्या

**इंदौर। हीरानगर इलाके में मामूली विवाद के बीच-बचाव में उतरे युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घायल युवक ने इलाज के दौरान गुरुवार तड़के चार बजे दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनो आरोपी को हिरासत में लिया है,दोनो नाबालिक है।**

हीरानगर थाना क्षेत्र के रविदास नगर निवासी 22 वर्षीय मनीष सुनहरे डेकोरेशन का काम करता था। बुधवार रात वह अपने नाबालिग दोस्त के साथ घर से कुछ दूरी पर पाउच लेने गया था। इसी दौरान वहां पहले से कुछ युवक आपस में झगड़ा कर रहे थे। मनीष ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान आरोपियों ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि उसके पैर में तीन जगह वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां गुरुवार तड़के करीब 4 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल के मुताबिक मुख्य आरोपी कृष्णा और मयूर पर पहले से ही गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह नशे का आदी बताया जा रहा है।

मृतक मनीष सुनहरे इलाके में ऋषभ पवार नाम के युवक के यहां आयोजित पार्टी में शामिल था। ऋषभ हाल ही में हत्या के प्रयास के मामले में जेल से छूटा था और उसी के उपलक्ष्य में यह पार्टी रखी गई थी।

पार्टी के दौरान ऋषभ के घर के बाहर किसी बात को लेकर विवाद हो गया। झगड़ा बढ़ने पर मनीष बीच-बचाव करने पहुंचा, लेकिन इसी दौरान उस पर चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में गंभीर रूप से घायल मनीष की बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। पुलिस ने दोनो नाबालिको को हिरासत मे ले लिया है। परिवार ने चक्काजाम की चेतावनी दी है। मनीष के पिता का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में उसकी मां और एक भाई है, जो टेंट हाउस में काम करता है। मनीष भी डेकोरेशन का काम कर परिवार का सहारा बना हुआ था।

'मेड इन इंडिया' को मिल रही वैश्विक मांग

# इंदौर बना ई-कॉमर्स निर्यात का नया केंद्र

● शहर में हुआ एक्सपोर्ट हाट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

वैश्विक बाजारों में 'मेड इन इंडिया' उत्पादों की बढ़ती मांग के बीच मध्यप्रदेश के एमएसएमई और डी2सी ब्रांड्स अब सीधे अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों तक अपनी पहुंच बना रहे हैं। इसी दिशा में इंदौर में अमेजन के ई-कॉमर्स निर्यात कार्यक्रम अमेजन ग्लोबल सेलिंग द्वारा 'एक्सपोर्ट हाट' का आयोजन किया गया, जिसने उभरते उद्यमियों और निर्यातकों को वैश्विक व्यापार से जोड़ने का सशक्त मंच प्रदान किया।

अमेजन ग्लोबल सेलिंग द्वारा वर्ष 2015 से अब तक 2 लाख से अधिक भारतीय निर्यातकों को 20 बिलियन डॉलर से अधिक के संचयी ई-कॉमर्स निर्यात तक पहुंचने में सहयोग दिया गया है। इंदौर में आयोजित इस कार्यक्रम में 150 से अधिक निर्यातकों ने भागीदारी की, जिनमें भोपाल सहित आसपास के क्षेत्र के निर्यातक शामिल रहे। कार्यक्रम के माध्यम से एमएसएमई, डी2सी ब्रांड्स और टियर-2 शहरों के उद्यमियों को वैश्विक बाजारों तक पहुंच बनाने के लिए विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिसमें निर्यात व्यवसाय की स्थापना, विस्तार, बाजार अवसरों की पहचान, लॉजिस्टिक्स, अंतर्राष्ट्रीय भुगतान और ई-कॉमर्स निर्यात से जुड़े सभी आवश्यक पहलुओं को शामिल किया गया।

इस वर्ष अमेजन ग्लोबल सेलिंग द्वारा तिरुपुर, करूर और ठाणे जैसे प्रमुख विनिर्माण केंद्रों में भी इसी प्रकार की पहलें आयोजित की जा रही हैं। इंदौर में आयोजित यह कार्यक्रम फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन्स (एफआईईओ) के सहयोग से सम्पन्न हुआ, जिसने क्षेत्र की बढ़ती निर्यात क्षमता को रेखांकित किया। वस्त्र, हस्तशिल्प, होम डेकोर और खाद्य उत्पादों के मजबूत विनिर्माण आधार के कारण मध्यप्रदेश वैश्विक विस्तार के इच्छुक छोटे व्यवसायों के लिए तेजी से आकर्षण का केंद्र बन रहा है। वर्तमान में राज्य के 8 हजार से अधिक निर्यातक अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में सक्रिय हैं।

एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक एवं निर्यात आयुक्त चंद्रमौली शुक्ला ने बताया कि मध्यप्रदेश मजबूत एमएसएमई आधार और विविध उत्पाद श्रेणियों के चलते भारत के निर्यात परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक खरीददारों की बदलती प्राथमिकताओं के बीच ई-कॉमर्स निर्यात स्थानीय व्यवसायों को सीधे ग्राहकों तक पहुंचने और अपने ब्रांड स्थापित करने का अवसर प्रदान कर रहा है। ऐसे कार्यक्रम विक्रेताओं को डिजिटल टूल्स के उपयोग और निर्यात प्रक्रिया को समझने में सक्षम बना रहे हैं, जिससे इंदौर के व्यवसाय वैश्विक स्तर पर विस्तार कर सकें।

एमपीआईडीसी इंदौर के कार्यकारी निदेशक हिमांशु प्रजापति ने बताया कि इंदौर निर्यात और उद्यमिता का सशक्त केंद्र बनकर उभर रहा है। एक्सपोर्ट हाट डिजिटल निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है, जो एमएसएमई, स्टार्टअप और डी2सी ब्रांड्स को वैश्विक ई-कॉमर्स और क्रॉस-बॉर्डर ट्रेड की समझ प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि ओडीओपी और जीआई टैग उत्पादों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़कर राज्य अपने विशिष्ट उत्पादों को वैश्विक स्तर पर स्थापित कर सकता है।

सड़क पर युवतियों का हंगामा

# दोस्तों के साथ मिलकर युवक को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर के 60 फीट एरोड्रम रोड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसमें कुछ युवतियों ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर एक युवक की बुरी तरह से पिटाई कर दी। हालांकि पुलिस अफसरों ने अभी तक इस वीडियो को लेकर कोई पुष्टि नहीं की है। वायरल वीडियो में युवतियां यहां बाइक और एक्टिवा से पहुंची थी। उन्होंने देखते ही देखते एक युवक को पीटना शुरू कर दिया। सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने उन्हे बचाने का प्रयास किया तो युवतियां उनके साथ हुज्जत करने लगे। घटना के दौरान एक युवक वीडियो बना रहा था, जिस पर युवतियां भड़क गईं। आरोप है कि उन्होंने युवक के साथ बदसलूकी की और उसका मोबाइल छीनने की कोशिश की। वहां चाय की दुकान चलाने वाले संचालक को भी अपशब्द कहे। मामला सामने आने के बाद पुलिस वीडियो के आधार पर जांच में जुट गई है। संबंधित युवतियों की पहचान कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।



# सोनम की जमानत के खिलाफ परिवार हाईकोर्ट पहुंचेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की आरोपी सोनम रघुवंशी को जमानत मिलने के बाद अब राजा का परिवार उसकी जमानत खारिज कराने की कोशिश में जुट गया है। इसे लेकर राजा के भाई विपिन ने शिलांग के वकील से बात की है और हाईकोर्ट में जमानत रद्द कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। वकील ने उनसे संबंधित दस्तावेज भेज दिए हैं, जिन पर साइन कर वे दोबारा वापस भेजेंगे।**

दरअसल, इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हनीमून पर ले जाकर उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी ने अन्य लोगों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। इस मामले में शिलॉन्ग पुलिस ने सोनम सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद तीन और लोगों को सबूत मिटाने के आरोप में पकड़ा गया था। सभी को जेल भेजा गया था, जहां से पहले तीन आरोपियों को जमानत मिल गई थी। वहीं सोमवार को सोनम को भी कोर्ट से जमानत मिल गई। सोनम को जमानत मिलने के बाद से ही राजा के परिवार में रोष है। परिवार को इस फैसले पर भरोसा नहीं हो रहा है। जमानत के बाद परिवार ने सोनम के भाई और माता-पिता पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। राजा की मां उमा रघुवंशी ने कहा कि अगर सोनम इंदौर आई तो वह उससे पूछेंगी कि आखिर उसने राजा को क्यों मारा और उसका क्या कसूर था।

# श्रम स्टार रेटिंग की अनूठी पहल को किया जाए प्रोत्साहित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि श्रमिकों के हित में केन्द्र और राज्य सरकार की अनेक योजनाएं संचालित हैं। अब असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को भी संबल योजना का लाभ दिया जा रहा है। इनमें विभिन्न प्रकार की उपभोक्ता सामग्री पहुंचाने वाले गिग वर्कर्स और प्लेटफार्म वर्कर्स को भी शामिल किया गया है। उन्होंने प्रदेश में 3529 गिक वर्कर्स को पहली बार योजना का लाभ प्रदान करने के लिये विभाग की सराहना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि इस क्षेत्र के पात्र श्रमिकों को पंजीकृत कर सहायता और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करवाना हम सभी का दायित्व है।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालयीन बैठक कक्ष से सिंगल क्लिक द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना में 27 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के लिए 600 करोड़ रुपए की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित करते हुए ये बातें कहीं। इस अवसर पर श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल भी उपस्थित थे। राशि अंतरण के अवसर पर प्रदेश के जिलों में स्थित प्रशासनिक अधिकारी, श्रमिक भाई और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में श्रम स्टार रेटिंग की अनूठी पहल शुरू की गई है। इस व्यवस्था में औद्योगिक संस्थाओं द्वारा श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने का कार्य किया जा रहा है। श्रेष्ठ कार्य के लिए प्रतिष्ठानों को श्रम स्टार रेटिंग के माध्यम से आंकलन कर प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे श्रम कानूनों का बेहतर पालन करने वाले औद्योगिक संस्थानों की विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। प्रदेश में 554 कारखानों ने स्वेच्छा से श्रम स्टार रेटिंग की व्यवस्था को अपनाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रम विभाग, श्रम संगठनों के साथ ही नागरिकों का भी यह दायित्व है कि जिस प्रतिष्ठान से खरीदारी करते हैं, वहां श्रम स्टार रेटिंग की व्यवस्था लागू करने को प्रोत्साहित करें। ऐसे संस्थानों से उत्पाद क्रय करने और सेवाएं लेने को प्राथमिकता भी दी जाए जो श्रमिक भाइयों के अधिकारों और उनके कल्याण के लिए तत्पर रहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार ने 4 नई श्रम संहिताओं का प्रावधान किया है। राज्य सरकार भी इन संहिताओं के अनुरूप नियम तैयार कर लागू करेगी। श्रमिक हित में लागू की गई केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक श्रमिकों को दिलवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संबल योजना में श्रेष्ठ प्रदर्शन वाले 5 जिलों बालाघाट, धार, सागर, जबलपुर और खरगौन की तरह अन्य जिलों से भी श्रमिकों को अनुग्रह सहायता देने के कार्य में सक्रिय प्रदर्शन की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रमिकों को राशि अंतरित किए जाने के अवसर पर श्रम विभाग के अपर सचिव संजय कुमार को उनके सेवानिवृत्ति दिवस पर भावी जीवन के लिए मंगलकामनाएं दीं। बैठक में सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक सिंह, श्रम विभाग के सचिव एम. रघुराज सहित अन्य अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## दूल्हे के सामने बॉयफ्रेंड के गले में डाली वरमाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** वरमाला की रस्म के बीच प्रेमी पहुंचा तो दुल्हन ने स्टेज से दौड़ लगा दी। दूल्हे को छोड़कर प्रेमी के गले में माला डाल दी। मामला उमरेठ में 27-28 अप्रैल की दरमियानी रात का है। मंगलवार को वर पक्ष ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई। गुरुवार को दुल्हन के स्टेज से भागने का वीडियो भी सामने आ गया। भलावी परिवार का दूल्हा सात फेरे लेने परासिया से मुजावर गांव पहुंचा था। यहां बारात का स्वागत हुआ, आतिशबाजी की गई। फिर मेहमान भोजन के लिए स्टॉल्स पर पहुंचे। इसी बीच दूल्हा स्टेज पर पहुंचा। वरमाला की रस्म की तैयारी होने लगी। कुछ देर में दुल्हन भी स्टेज पर आई। वरमाला हाथ में लेकर इधर-उधर देखा, फिर स्टेज से दौड़ लगा दी। वह पांडाल में मौजूद अपने प्रेमी के पास पहुंची और उससे लिपट गई। उसके गले में माला डाल दी। ये देखकर मौके पर मौजूद हर शख्स सकते में आ गया। दुल्हन के परिजन ने प्रेमी को पकड़ लिया। उसकी पिटाई कर दी। उसे पांडाल से बाहर भगा दिया। इसके बाद बाराती और घरातियों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हो गई। दूल्हे ने शादी करने से इनकार कर दिया। बारात बिना शादी के ही वापस लौट गई। बताया गया है कि दुल्हन का प्रेम प्रसंग दो साल से चल रहा था। इसकी जानकारी परिवार के लोगों को थी। परिवार के दबाव में युवती शादी के लिए तैयार हो गई थी, लेकिन शादी के दिन प्रेमी को देखते ही उसने इरादा बदल लिया। फिलहाल, दुल्हन अपने परिजन के साथ घर पर ही है। मामले में वर पक्ष ने सामाजिक सम्मान और आर्थिक नुकसान होने की बात कही। वधु पक्ष से गहने, अंगूठी और मोबाइल वापस ले लिए। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## वरमाला के दौरान स्टेज से उतरी, शादी से किया इनकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी।** जिले में एक दुल्हन ने वरमाला के दौरान शादी से इनकार कर दिया। उसने कहा- ये वो लड़का नहीं है, जिससे रिश्ता तय हुआ था। वर और वधु पक्ष के साथ शादी में मौजूद कई लोगों ने उसे समझाने की कोशिश की। लेकिन वह नहीं मानी। आखिर में बारात को शादी किए बिना ही लौटना पड़ा। मामला ब्यौहारी इलाके में बुधवार रात का है। बारात गोहपारू से ब्यौहारी आई थी। दुल्हन के परिजन ने बारातियों का स्वागत किया। द्वारचार जैसी पारंपरिक रस्में पूरी की गईं। इसके बाद वरमाला की रस्म के लिए दूल्हा स्टेज पर पहुंचा। थोड़ी देर में ही दुल्हन सहेलियों के साथ स्टेज पर आई। दूल्हे ने दुल्हन को वरमाला पहनाई। जब दुल्हन की बारी आई, तो वह कुछ देर तक दूल्हे को गौर से देखती रही। फिर बिना माला पहनाए ही मंच से उतर गई। परिजन ने कारण पूछा तो उसने कहा- जिससे रिश्ता तय हुआ था, ये वो लड़का नहीं है। दुल्हन के ऐसा कहते ही माहौल तनावपूर्ण हो गया। दोनों परिवारों ने उसे समझाने की कोशिश की। रिश्तेदारों ने मान-मनौव्वल किया लेकिन दुल्हन अपने फैसले पर अड़ी रही।

## 65 किमी की रफ्तार से हवाएं, ऊंची लहरें, बरगी डैम में ऐसे समाया क्रूज

### नौ शव मिले, 14 साल का जफर तैरकर बचा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** बरगी डैम में आए तूफान की वजह क्रूज डूब गया। प्रशासन के मुताबिक क्रूज पर 29 लोग सवार थे। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि क्रूज पर बिना टिकट के भी लोग सवार थे। अभी मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। अभी तक नौ लोगों के शव निकाले गए हैं। वहीं, 22 लोगों को बचाया गया है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि अभी कुछ अन्य लोग डैम में डूबे हो सकते हैं। आर्मी ने मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन की जिम्मेदारी संभाल ली है।



#### अलर्ट के बावजूद डैम में क्रूज का संचालन

दरअसल, मौसम विभाग का पहले से अलर्ट था कि गरज-चमक के साथ बारिश होगी। बारिश और तेज हवा की स्थिति में क्रूज का संचालन नहीं होता है। इसके बावजूद यात्रियों को लेकर क्रूज डैम में गई। पानी में जाने के कुछ ही देर बाद 60-65 किमी की रफ्तार से हवाएं चलने लगीं। इसके बाद डैम में क्रूज पलट गई। सभी यात्री उसी में डूबने लगे। जिन्हें तैरने आता था, वे बाहर आए।

वहीं, इस क्रूज का संचालन पर्यटन विभाग की तरफ से किया जाता है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि क्रूज पर सवार ज्यादातर पर्यटक लाइफ जैकेट नहीं पहने थे। हालांकि इन आरोपों को पर्यटन विकास निगम खारिज कर रहा है। उनका कहना है कि क्रूज पर सवार हो रहे यात्रियों को लाइफ जैकेट प्रदान की गई थी।

क्रूज में सवार यात्री ज्यूलियस ने कहा कि क्रूज जब डूबने लगा तब यात्रियों को लाइफ जैकेट दी गई है। उन्होंने बताया किवह अपनी पत्नी,बेटी,दामाद, नातिन और नाती के साथ क्रूज में सवार थे। क्रूज यात्रा के दौरान सुरक्षा का कोई ध्यान नहीं रखा गया था। जब क्रूज डूबने लगा, तब यात्रियों को लाइव सेविंग जैकेट दी गयी। क्रूज के डूबने से पहले कई यात्री जैकेट तक नहीं पहन पाए थे।

वहीं, इस हादसे में उनकी पत्नी की मौत हो गयी थी। वही दामाद और नातिन सुरक्षित है। घटना होने पर तत्काल कोई रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ नहीं हुआ था। क्षेत्रीय लोगों ने मदद करते हुए रस्सी फेंक कर उन सहित अन्य क्रूज यात्रियों को बाहर निकाला।

#### तमाम सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे

वहीं, घटना की जानकारी मिलने पर जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गये थे। जबलपुर कलेक्टर ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और सुरक्षित सभी व्यक्ति की हालत सामान्य है। पर्यटन विभाग निगम के अधिकारी संजय मल्होत्रा ने बताया कि 29 यात्रियों के टिकट जारी किये गये थे। सभी यात्रियों को लाइव सेविंग जैकेट दिए गए थे। मौसम में अचानक आये बदलाव के कारण घटना घटित हुई है।

## लड़की को जुगाड़ कहा कोर्ट ने सुनाई सजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। शहर के कैंट इलाके में नाबालिग लड़की को जुगाड़ कहने के आरोपी को कोर्ट ने सजा सुनाई है। नाबालिग अपनी सहेली के साथ घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान सामने खड़े आरोपी ने अपने दोस्तों से कहा था कि देखो मेरी जुगाड़ जा रही है। मामले में फैसला पॉक्सो मामलों की विशेष न्यायाधीश सोनाली शर्मा ने सुनाया। वहीं शासन की ओर से पैरवी एडीपीओ ममता दीक्षित ने की।**

मामला वर्ष 2023 का है। कैंट इलाके में रहने वाली नाबालिग ने 21 नवंबर को अपने भाई के साथ थाने पर शिकायती आवेदन दिया था। इसमें उसने बताया था कि रात लगभग 9 बजे वह अपनी सहेली के साथ हनुमान मंदिर से अन्नकूट खाकर अपने घर आ रही थी। जैसे ही वह और उसकी सहेली मंदिर से थोड़ी दूर कैरियर कोचिंग के सामने पहुंचे, तभी पड़ोस में रहने वाला विशाल जाटव मिला और उसे देखकर अश्लील कमेंट किया। इस पर नाबालिग ने बोला कि क्या बोल रहा है। इतने में विशाल जाटव ने बुरी नियत से उसका हाथ पकड़ लिया। वह चिल्लाई तो विशाल भाग गया और जाते-जाते बोल रहा था कि मैं तुझे देख लूंगा।

## संपादकीय

### ग्रेट निकोबार: विकास की कीमत और सुरक्षा की अनिवार्यता

सरकार की महत्वाकांक्षी 'ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना' को लेकर देश में एक तीखी राजनीतिक बहस छिड़ गई है। विपक्ष के नेता ने हाल में इस द्वीप का दौरा किया और सोशल मीडिया के माध्यम से परियोजना को इकोलॉजी और पर्यावरण के विनाश का कारण बताते हुए एक 'बड़ा घोटाला' और 'राष्ट्रीय धरोहर के खिलाफ अपराध' करार दिया। पर्यावरण की चिंता होना स्वाभाविक है, लेकिन जब राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और भविष्य की रणनीतिक दिशा की बात हो, तो तस्वीर का केवल एक हिस्सा देखना उचित नहीं लगता। यह परियोजना देश के भविष्य की एक सख्त सामरिक और आर्थिक आवश्यकता है। भारत लंबे समय तक अपनी सुरक्षा सोच में भूमि-सीमाओं पर अधिक केंद्रित रहा। हमारे लिए सीमाएं अक्सर पहाड़ों, नदियों और तारबंदी तक ही सीमित रहीं। लेकिन, मेरे अनुभव और पिछले कुछ समय से पश्चिम एशिया में चल रहे विवाद ने मुझे यह सिखाया कि असली खेल समुद्र में चलता है। हिंद महासागर वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और सामरिक शक्ति का केंद्र है। ग्रेट निकोबार का भूगोल अपने आप में भारत के लिए एक प्राकृतिक वरदान है। यह द्वीप अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सबसे दक्षिणी छोर पर स्थित है और स्ट्रेट ऑफ मलक्का के पश्चिमी प्रवेश द्वार से मात्र 40 समुद्री मील की दूरी पर है। इसकी अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया का लगभग 30% कंटेनर व्यापार इसी रास्ते से होकर गुजरता है। मैंने अपने करियर में कई बार महसूस किया कि जब आपकी निगरानी की क्षमता सीमित होती है, तो आपकी प्रतिक्रिया भी सीमित हो जाती है। लेकिन जब आपके पास अग्रिम मोर्चे पर ठोस ढांचा हो - हवाई पट्टी, बंदरगाह, संचार प्रणाली, तो आप स्थिति को नियंत्रित करने की स्थिति में आ जाते हैं। ग्रेट निकोबार को 'अनसिंकेबल एयरक्राफ्ट कैरियर' कहा जाता है। इसका मतलब है कि हमारे पास समुद्र के बीच एक ऐसा स्थायी ठिकाना होगा, जो किसी जहाज की तरह डूब नहीं सकता, लेकिन उसकी तरह काम कर सकता है। वहां से वायुसेना के विमान उड़ सकते हैं, नौसेना के जहाज संचालन कर सकते हैं, और तीनों सेनाएं मिलकर एक संयुक्त रणनीति बना सकती हैं। अंडमान और निकोबार में पहले से ही त्रि-सेवा कमान है, लेकिन उसे आधुनिक और व्यापक ढांचे की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी।

## महिला जगत

# बिना मिट्टी के खेती, केरल की रेमाबाई कमा रहीं लाखों!



रिटायरमेंट के बाद जहां अधिकतर लोग आराम की जिंदगी चुनते हैं, वहीं केरल की 58 वर्षीय रेमाबाई एएस ने एक अलग राह चुनी। 36 साल तक जूलॉजी की शिक्षिका और बाद में सरकारी स्कूल की हेडमिस्ट्रेस रहीं रेमाबाई ने 2022 में सेवानिवृत्ति के बाद अपनी छत को ही "खेती की प्रयोगशाला" बना दिया। आज वह बिना मिट्टी के ड्रैगन फ्रूट उगाकर हर महीने लगभग एक लाख रुपये का मुनाफा कमा रही हैं।

रेमाबाई एएस की कहानी यह साबित करती है कि अगर इच्छा और जुनून हो तो रिटायरमेंट के बाद भी नई पहचान बनाई जा सकती है। उन्होंने अपनी छत को खेती की प्रयोगशाला बनाकर दिखा दिया कि सीमित संसाधनों में भी बड़ा सपना साकार किया जा सकता है। उनकी सफलता उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा है जो सोचते हैं कि उम्र के साथ अवसर कम हो जाते हैं।

### रिटायरमेंट के बाद शुरू हुआ नया सफर

कोल्लम की रहने वाली रेमाबाई एएस ने 36 वर्षों तक शिक्षा क्षेत्र में सेवा दी। पति काम में व्यस्त रहते थे और बेटा दिल्ली में रहता था। रिटायरमेंट के बाद अचानक खाली समय ने उन्हें सोचने पर मजबूर किया कि अब आगे क्या?

इसी दौरान उनके बेटे ने उन्हें ड्रैगन फ्रूट के स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताया। फल की बढ़ती मांग और पोषण मूल्य से प्रेरित होकर रेमाबाई ने इसकी खेती का फैसला किया। लेकिन चुनौती थी, छत पर इतनी मिट्टी कैसे पहुंचाई जाए?

### बिना मिट्टी के ड्रैगन फ्रूट की खेती कैसे शुरू की?

रेमाबाई ने पारंपरिक खेती के बजाय हाइड्रोपोनिक और वैकल्पिक माध्यम अपनाया।

छत पर 50 बड़े प्लास्टिक बैरल लगाए
कुल 100 पौधे लगाए
लाल और पीली किस्मों का चयन
सूखे पत्तों और सब्जियों के छिलकों से ऑर्गेनिक खाद तैयार की

इस अनोखे प्रयोग से पौधे तेजी से बढ़े और स्वस्थ रहे। उनकी छत आज किसी मिनी फार्म से कम नहीं दिखती।

### हर महीने 500 किलो की फसल, लाखों का मुनाफा

रेमाबाई हर महीने करीब 500 किलो ड्रैगन फ्रूट की फसल लेती हैं। बाजार में इसकी अच्छी कीमत मिलती है, जिससे वह लगभग 1 लाख रुपये महीना कमा लेती हैं। उनकी पूरी फसल आसानी से बिक जाती है, क्योंकि लोग ऑर्गेनिक और ताजा फल को प्राथमिकता देते हैं।

### यूट्यूब के जरिए बांट रहीं ज्ञान

रेमाबाई अपनी खेती की तकनीक और अनुभव दूसरों के साथ साझा करने के लिए 'जेसीज वर्ल्ड' नाम से यूट्यूब चैनल भी चलाती हैं। यहां वह ड्रैगन फ्रूट की देखभाल, खाद बनाने और छत पर खेती के टिप्स देती हैं। उनका मानना है कि रिटायरमेंट अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है।

### क्यों खास है रेमाबाई की कहानी?

58 साल की उम्र में नया करियर शुरू किया
बिना मिट्टी के छत पर खेती का सफल प्रयोग
ऑर्गेनिक तरीके से उत्पादन
हर महीने 1 लाख रुपये तक की कमाई
अन्य लोगों को प्रेरित करने का प्रयास

# शादी गर्मियों में है? अपनाएं ये ब्राइडल आउटफिट और मेकअप टिप्स

गर्मियों का मौसम आते ही शादी सहालग शुरू हो जाती हैं। लेकिन दुल्हन के लिए ये समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। गर्मी, पसीना और उमस में दुल्हन का लुक प्रभावित हो सकता है। हालांकि पहले से ही सही तैयारी की जाए और स्मार्ट फैसले लिए जाएं तो आप गर्मियों में खूबसूरत दुल्हन बन सकती हैं, वो भी सहजता और आराम के साथ। कपड़ों से लेकर मेकअप तक के लिए आपको स्मार्ट चयन करना है।

हर दुल्हन चाहती है कि वह अपनी शादी के दिन सबसे अलग और परफेक्ट दिखे। लेकिन गर्मियों में भारी लहंगा, हैवी मेकअप और ज्यादा ज्वेलरी आपको असहज बना सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि आप ऐसे आउटफिट, मेकअप और स्टाइलिंग चुनें जो आपको आराम के साथ-साथ एलिगेंट लुक दें।

इस लेख में हम आपको गर्मी के लिए वेडिंग के



लिए खास ब्राइडल टिप्स, आउटफिट आइडियाज और मेकअप हैक्स बताएंगे, जिससे आप गर्मी में भी कूल, फ्रेश और स्टनिंग नजर आएं।

### सही ब्राइडल आउटफिट का चुनाव

गर्मियों में हल्के और ब्रीदेबल फैब्रिक जैसे ऑर्गेंजा, शिफॉन और जॉर्जेट चुनें। भारी वेलवेट या मोटे सिल्क से बचें। पेस्टल रंगों जैसे पीच, पिंक, मिंट ग्रीन और लैवेंडर समर वेडिंग के लिए परफेक्ट होते हैं। ये न सिर्फ ट्रेंडी लगते हैं बल्कि आपको फ्रेश लुक भी देते हैं।

### मेकअप रखें हल्का और लॉन्ग-लास्टिंग

गर्मियों में हेवी मेकअप जल्दी पिघल सकता है, इसलिए वॉटरप्रूफ और मैट प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें। बेस को लाइट रखें और नेचुरल ग्लो पर फोकस करें। सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल जरूर करें ताकि मेकअप लंबे समय तक टिका रहे।

### ज्वेलरी और हेयरस्टाइल टिप्स

भारी ज्वेलरी की जगह लाइटवेट और एलिगेंट पीसेस चुनें। हेयरस्टाइल में बन या ब्रेडेड स्टाइल रखें ताकि गर्मी कम लगे। ताजे फूलों का इस्तेमाल आपके लुक को और भी खूबसूरत बना सकता है।

### सहज लुक के लिए स्मार्ट टिप्स

ब्लॉटिंग पेपर और फेस मिस्ट साथ रखें। हल्का और कूलिंग परफ्यूम इस्तेमाल करें। हाइड्रेटेड रहें और पानी पीते रहें। आरामदायक फुटवियर चुनें।

**स्किन केयर और ग्लोइंग लुक :** शादी से पहले स्किन केयर रूटीन फॉलो करें। सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें। नेचुरल फेस पैक्स अपनाएं। इससे आपकी स्किन हेल्दी और ग्लोइंग दिखेगी।

New Delhi

# दिल्ली में इसी महीने से 'नमो यमुना' क्रूज, 5 किमी का सफर; किराया कितना हो सकता है

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार एक नई सेवा की शुरुआत करने जा रही है। नमो भारत के बाद अब राजधानी में लोग 'नमो यमुना' में भी सफर कर पाएंगे। इसी महीने (मई) के अंत से तक यमुना नदी में नमो यमुना क्रूज की शुरुआत करने की तैयारी है। दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

यमुना में क्रूज की शुरुआत 20 फरवरी को ही होनी थी, जब दिल्ली में भाजपा सरकार को एक साल पूरे हुए थे। लेकिन कुछ काम पूरे नहीं होने की वजह से लॉन्च को टाल दिया गया था। सरकार अब इसे जल्द ही शुरू



करना चाहती है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता इसका उद्घाटन कर सकती हैं। एक अधिकारी ने कहा, 'बोट अब तैयार है और पेंटिंग का काम पूरा हो चुका है। सफेद और नीले रंग के बोट पर 'नमो भारत' लिखा है और इसे अभी सोनिया विहार स्पोर्ट्स क्लब में रखा गया है। बोट को एक सफेद कपड़े से ढंका गया है।'

दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने गुरुवार को एचटी को बताया कि केंद्र सरकार के साथ मिलकर एक महीने के भीतर उद्घाटन पर फैसला लिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि सोनिया विहार और जगतपुरी के बीच एक घंटे की बोट राइड का संचालन किया जाएगा। यमुना में 5 किलोमीटर का यह सफर होगा। क्रूज के जरिए लोग घाटों और प्राकृतिक सुंदरता को

New Delhi

## नागरिकता नियमों में बड़ा बदलाव, नाबालिगों के पासपोर्ट नियम सख्त, OCI पंजीकरण हुआ ऑनलाइन



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** गृह मंत्रालय ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2026 को अधिसूचित कर दिया है, जिसमें 2009 के नियमों को अपडेट किया गया है। जिसके तहत प्रवासी भारतीय नागरिक (ओसीआई) कार्डधारकों और नागरिकता आवेदनों से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं में डिजिटल माध्यम का उपयोग शुरू किया गया है। इस बदलाव का उद्देश्य प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और तेज बनाना है। नई व्यवस्था के तहत अब OCI कार्ड के लिए आवेदन और छोड़ने की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के जरिए होगी। पहले जहां कागजी आवेदन की जरूरत होती थी, अब उसे खत्म कर डिजिटल आवेदन प्रणाली लागू की गई है। इसके साथ ही सरकार ने e-OCI की सुविधा भी शुरू की है, जिसमें आवेदकों को फिजिकल कार्ड के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक रजिस्ट्रेशन भी दिया जा सकेगा। गुरुवार को प्रकाशित राजपत्र अधिसूचना में एक अहम बदलाव नाबालिग बच्चों से जुड़ा है। नई अधिसूचना के मुताबिक, कोई भी नाबालिग बच्चा एक साथ भारतीय पासपोर्ट और किसी अन्य देश का पासपोर्ट नहीं रख सकता। पहले यह शर्त केवल घोषणा के रूप में दी जाती थी, लेकिन अब इसे स्पष्ट रूप से नियम में शामिल कर दिया गया है। ओसीआई छोड़ने की घोषणा करने पर व्यक्ति को अपना मूल कार्ड निकटतम भारतीय मिशन, पोस्ट या विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण अधिकारी (FRO) के पास जमा करना होगा।

New Delhi

**महंगाई का एक और झटका**

## 5 किलो वाला LPG सिलेंडर 261 रुपये हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में 993 रुपये की भारी बढ़ोतरी के बाद एक बुरी खबर 5 किलो वाले सिलेंडर के लिए है। एएनआई के अनुसार 5 किलोग्राम फ्री ट्रेड एलपीजी (FTL) सिलेंडर की कीमतों में भी आज से 261 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है। कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने का सीधा असर रेस्टोरेंट, होटल, बेकरी और अन्य छोटे-बड़े बिजनेस पर पड़ेगा। वहीं, घरेलू LPG सिलेंडर (14.2 किग्रा) के दामों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे करीब 33 करोड़ परिवारों को राहत मिली है। नए रेट के अनुसार दिल्ली में 19 किग्रा का कॉमर्शियल सिलेंडर 993 रुपए महंगा होकर इसकी कीमत 3,071.50 हो गई है। 5 किलो का FTL (फ्री ट्रेड LPG) सिलेंडर 261 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 1754.5 रुपये का हो गया है। यह कीमत तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है। रेट में बदलाव विशेष रूप से बिजनेस और थोक LPG कैटेगरी के लिए है, जो देश की कुल LPG खपत का एक छोटा सा हिस्सा हैं।

Jammu & Kashmir

**शोपियां के कोल्ड स्टोर में विस्फोट**

## मरम्मत के दौरान फटा स्टीम बॉयलर, दो मजदूरों की मौत

**शोपियां, (एजेंसी)** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले की अग्लर फ्रूट मंडी में कोल्ड स्टोर में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार देर रात शोपियां के अग्लर में एक कोल्ड स्टोर में स्टीम बॉयलर के विस्फोट में दो लोगों की जान चली गई और एक घायल हो गया। यह घटना फ्रूट मंडी में स्थित जम जम कोल्ड स्टोर में हुई। यहां मरम्मत के दौरान स्टीम बॉयलर फट गया। विस्फोट में तीन इंजीनियर घायल हो गए जिन्हें तुरंत इलाज के लिए शोपियां के जिला अस्पताल ले जाया गया। घायलों में से एक उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ निवासी सौरभ सिंह ने अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया। एक अन्य घायल व्यक्ति



शिव कुमार ने भी बाद में उपचार के दौरान जख्मी की पीड़ा न सहते हुए दम तोड़ दिया जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गई। तीसरे घायल व्यक्ति राज कुमार का इलाज चल रहा है जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि धमाका उस समय हुआ जब ये लोग बॉयलर की मरम्मत का काम कर रहे थे।

खेल

**156 रन चेज करने में फूली गुजरात की सांस**

# आरसीबी को मिली तीसरी हार शुभमन गिल की टीम ने लिया बदला

**अहमदाबाद, (एजेंसी)** आईपीएल 2026 के 42वें मैच में गुजरात टाइटंस की टीम ने पिछले साल की चैंपियन आरसीबी को 4 विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए आरसीबी की टीम सिर्फ 155 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में गुजरात की टीम ने जैसे-तैसे 6 विकेट खोकर इस टारगेट को 16वें ओवर तक चेज कर लिया। हालांकि इस मैच के बाद भी आरसीबी की टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे और गुजरात की टीम 5वें नंबर पर ही मौजूद है।

टारगेट का पीछा करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत अच्छी रही। कप्तान शुभमन गिल ने सिर्फ 18 गेंद पर 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से 43 रन ठोक दिए। हालांकि दूसरे ओपनर साई सुदर्शन कुछ नहीं कर पाए और 6 रन बनाकर



आउट हो गए। लेकिन इसके बाद जोस बटलर ने 19 गेंद पर 39 रन की पारी खेली, जिसमें 4 छक्के और दो चौके रहे। यहां से गुजरात की जीत लगभग पक्की लग रही थी, लेकिन यहां से गुजरात के विकेट लगातार गिरते रहे। वाशिंगटन सुंदर 12, शाहरुख खान 8, जेसन होल्डर 12 रन बनाकर चलते बने। हालांकि राहुल तेवतिया ने नाबाद 27 रन बनाकर अपनी टीम के लिए मैच खत्म किया। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने 3 और रोमारियो शेफर्ड ने 2 विकेट हासिल किए।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी आरसीबी की टीम 19.2 ओवरों में 155 रन पर सिमट गई। इस टीम को जैकब बेथेल और विराट कोहली की सलामी जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने पहले विकेट के लिए 16 गेंदों में 34 रन की साझेदारी की। जैकब बेथेल 5 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अगले ओवर में टीम ने विराट कोहली का विकेट भी खो दिया, जो 13 गेंदों में 6 बाउंड्री के साथ 28 रन बनाकर आउट हुए।

आरसीबी की टीम 3.2 ओवरों में 35 के स्कोर तक अपने दोनों ओपनिंग बल्लेबाजों के विकेट खो चुकी थी। यहां से देवदत्त पड्डिकल ने कप्तान रजत पाटीदार के साथ मोर्चा संभाला। दोनों खिलाड़ियों ने तीसरे विकेट के लिए 26 गेंदों में 44 रन की साझेदारी की। पाटीदार 15 गेंदों में 1 छक्के और 2 चौकों के साथ 19 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद पड्डिकल ने छोटी-छोटी साझेदारियां करते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। हालांकि, दूसरे छोर पर जितेश शर्मा (1), टिम डेविड (9) और क्रुणाल पांड्या (4) उनका बखूबी साथ नहीं दे सके।

सिनेमा

## मूंछें-सिर पर पगड़ी पहने दिखे सलमान, रितेश देशमुख की राजा शिवाजी से सामने आया पहला लुक



बॉलीवुड एक्टर रितेश देशमुख आज थिएटर्स में अपनी सबसे बड़ी फिल्म 'राजा शिवाजी' लेकर आए हैं, जिसे उन्होंने खुद डायरेक्ट किया है। इसकी कहानी मराठा सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज की है, जिन्होंने स्वराज के लिए मुगलों की नाक में दम कर दिया था। रितेश शिवाजी महाराज के रोल में हैं। फिल्म राजा शिवाजी एक मल्टी-स्टारर फिल्म है, जिसमें बॉलीवुड और मराठी सिनेमा के मशहूर सितारे शामिल हैं। अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, फरदीन खान, विद्या बालन, बोमन ईरानी, महेश मांजरेकर समेत भाग्यश्री भी इस फिल्म में अहम रोल करती नजर आई हैं। रितेश की फिल्म में सुपरस्टार सलमान खान भी हैं, हालांकि वो इसमें कैमियो कर रहे हैं। रितेश देशमुख अपनी फिल्म की प्रमोशन के दौरान ये खुलासा पहले ही कर चुके हैं कि सलमान उनकी फिल्म में नजर आएंगे। हालांकि उन्होंने ये नहीं कंफर्म किया था कि उनका रोल क्या होगा। रिपोर्ट्स थीं कि सलमान छत्रपति शिवाजी महाराज के अंगरक्षक जिवा महाले की भूमिका निभा रहे हैं। अब चूंकि फिल्म थिएटर्स में लग गई है, तो उनका लुक भी सामने आ चुका है। सोशल मीडिया पर अनगिनत यूजर्स ने राजा शिवाजी फिल्म से सलमान का लुक वायरल कर दिया है।

## Highlights

1. **Probe ordered after viral Bengaluru police station video**
2. **Zeeshan Siddique files nomination for Maharashtra MLC polls**
3. **Mamata visits Bhabanipur strongroom, stays there for 4 hours**
4. **Apple claims CCI exceeding its powers, says 'It's trying to usurp Delhi HC's authority'**
5. **Will fight life-and-death battle if someone tries to tamper with counting: Mamata**
6. **Nithin Kamath links Bengaluru heat to forest loss**

# Apple reports record quarterly revenue, marking momentum ahead of leadership transition

**NEW DELHI, (Agency).** Apple reports another record breaking quarter in terms of revenue and product portfolio growth. The company's fiscal 2026 second quarter results indicate quarterly revenue of $111.2 billion, that is up 17% year on year. That underlines solid numbers across their product portfolio, snapshotted by iPhone revenue that's up 22%, Mac revenue that's increased 6%, iPad revenue too increasing by 8%, alongside wearables (5%) and services (16%) rounding off the trajectory across the product lines.

Apple's robust numbers are in stark contrast to Meta which reported that it lost 20 million 'Family Daily Active Users' in the quarter — a term the company previously coined for collective users across Facebook, WhatsApp, Instagram and Messenger. While Meta insists they will pump billions more into AI investments this year, users are seemingly abandoning its apps and services. Nevertheless, Meta's revenue has grown to $56.3 billion in this quarter, up from $42.3 billion year on year. Worrying through would be the Reality Labs unit, which has reported operating losses of $4.03 billion, and has seen two waves of employee layoffs since the start of the year.



Latest quarterly numbers from Apple comes days after the leadership transition was announced — Tim Cook will hand over the reigns Apple Inc. to John Ternus, who will become Apple's next chief executive officer effective on September 1. Cook will transition to becoming executive chairman of Apple's board of directors. More than anything else, these numbers underline the fact that Cook is handing over the business to Ternus, with the numbers and product lines in perfect financial health.

"Today Apple is proud to report our best March quarter ever, with revenue of $111.2 billion and double-digit growth across every geographic segment. iPhone achieved a March quarter revenue record, fuelled by such extraordinary demand for the iPhone 17 lineup. During the quarter, Services achieved yet another all-time record, and we were excited to introduce remarkable new products to our strongest lineup ever," said Tim Cook, Apple's CEO.

"That included the addition of the iPhone 17e and the M4-powered iPad Air, along with the launch of MacBook Neo, which is captivating customers all around the world," he added. During the earnings call, Apple emphasised that they were confident about MacBook Neo sales estimates internally before launch in March, and actual traction in stores in terms of sales, has been higher than expected.

# FDI norms soon for companies with part-Chinese stake

**NEW DELHI, (Agency).** The government will soon notify a framework for time-bound approvals of investments by companies with limited Chinese ownership in seven identified sectors, including rare-earth magnets and electronic components, under recently eased foreign direct investment (FDI) norms. The move is aimed at building domestic capacity and boosting inflows, with gross FDI expected to touch $90 billion in FY26, officials said.

Although the Cabinet on March 10 relaxed Press Note 3 (PN3 of the 2020 series) by allowing the automatic approval route for overseas investors with up to 10% beneficial



ownership from countries sharing a land border with India, the decision is yet to be formally notified, the officials said, requesting anonymity.

While the Department for Promotion of Industry and Internal Trade (DPIIT) issued the change through Press Note 2 of the 2026 series on March 15, the Cabinet decision has not yet come into force as stakeholder consultations are underway to align it with the Foreign Exchange Management Act (FEMA), they said.

DPIIT joint secretary Jai Prakash Shivahare confirmed the development. "The Department of Economic Affairs will have to issue the notification under FEMA," he said, adding that the inter-ministerial consultation process is continuing because the changes require considerable "fine-tuning" with existing laws. He said the new norms would come into effect very soon.

# ढाबे के पास कार से खतरनाक ड्रिफ्टिंग

## कार से स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में कार से स्टंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। बायपास क्षेत्र में एक ढाबे के पास कार से खतरनाक ड्रिफ्टिंग करते हुए एक युवक लोगों की जान जोखिम में डालता नजर आ रहा है।

बताया जा रहा है कि यह वीडियो कनाड़िया इलाके के के-2 ढाबे के पास 'ऑटो जस्टिस' नाम की कार गैरेज के सामने का है। वीडियो में एक कार चालक तेज रफ्तार में गाड़ी को गोल-गोल घुमाते हुए ड्रिफ्ट कर रहा है, जबकि बीच में एक युवक और युवती खड़े दिखाई दे रहे हैं।



कार कई बार उनके बेहद करीब से गुजरती है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था। यह वीडियो शाहबाज अहमद नाम के युवक द्वारा सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है। इससे करीब 15 दिन पहले कनाड़िया क्षेत्र के फीनिक्स मॉल के बेसमेंट में भी इस तरह का ड्रिफ्टिंग किया गया था, जिसके लिए आयोजकों ने थाने से अनुमति ली थी। हालांकि वहां भी सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे।

विशेषज्ञों के अनुसार इस तरह की ड्रिफ्टिंग बेहद खतरनाक होती है। जरा सी चूक गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। वायरल वीडियो में जिस तरह से कार युवक-युवती के बेहद करीब से गुजर रही है, उससे स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस घटना के सामने आने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि ऐसे आयोजनों को अनुमति देते समय पुलिस किन सुरक्षा मानकों का पालन कर रही है। फिलहाल इस मामले में कार्रवाई को लेकर पुलिस से बात नहीं हो पाई है। विशेषज्ञों के अनुसार इस तरह की ड्रिफ्टिंग बेहद खतरनाक होती है। जरा सी चूक बड़े हादसे का कारण बन सकती थी। वीडियो में जिस तरह से कार युवक-युवती के पास से गुजर रही है, उससे किसी भी समय गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। पुलिस किस तरह के नियमो को देखकर इस तरह के आयोजनो को परमिशन दे रही है।

# नौकरी दिलाने के बहाने फंसाया, वीडियो बनाकर लंबे समय तक दबाव बनाया

- जबरन धार्मिक क्रियाएं करवाई गईं और शारीरिक संबंध बनाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक युवती ने गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे दोस्ती की, फिर नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर लंबे समय तक ब्लैकमेल करता रहा। युवती ने जबरन धर्म परिवर्तन के लिए दबाव और मारपीट के भी आरोप लगाए हैं। हालांकि पुलिस ने फिलहाल दुष्कर्म के मामले में ही कार्रवाई की है।

पलासिया थाना पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने बताया कि उसकी पहचान साल 2022 में सोशल मीडिया के जरिए आरोपी लकी उर्फ सोहेल पुत्र रईस खान, निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी से हुई थी। पहली मुलाकात शहर के 56 दुकान क्षेत्र में हुई, जहां आरोपी ने उसे नौकरी दिलाने का भरोसा दिया और उससे दोस्ती कर ली। युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने बुधवार देर रात केस दर्ज किया है। युवती ने बताया कि 20 दिसंबर 2023 को आरोपी उसके तिलक नगर स्थित घर पहुंचा। उस समय घर में कोई नहीं था। आरोप है कि उसने खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर दिया, जिससे वह अचेत हो गई। इसी दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। होश में आने पर आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे अपने साथ रहने के लिए मजबूर किया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी उसे डराकर अपने साथ किराए के कमरे में रखता रहा। मार्च 2024 में उसे अजमेर ले जाया गया, जहां उसके साथ जबरन धार्मिक क्रियाएं करवाई गईं और शारीरिक संबंध बनाए गए। युवती के अनुसार अक्टूबर 2024 में वह गर्भवती हो गई। उसने आरोपी से शादी की बात कही, लेकिन आरोपी ने इनकार कर दिया और दबाव बनाकर गर्भपात करा दिया, जिससे उसकी तबीयत भी खराब हो गई। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसे चंदन नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति के पास ले जाया गया, जहां अंधविश्वास से जुड़ी गतिविधियां करवाई गईं। इसके साथ ही उस पर धर्म परिवर्तन कर धार्मिक रीति-रिवाज अपनाने का दबाव बनाया गया। मना करने पर उसके साथ मारपीट की गई और धमकाया गया। पीड़िता ने करणी सेना के पदाधिकारी मानसिंह राजावत, लक्की बाहुबली और रक्षा शुक्ला से संपर्क किया। इसके बाद सभी उसे लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के पास पहुंचे, जिसके बाद देर रात पलासिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

# ढाई लाख की रिश्वत में पीडब्ल्यूडी के तीन अधिकारी सस्पेंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़े गए लोक निर्माण विभाग (PWD) के तीन अधिकारियों को राज्य शासन ने निलंबित कर दिया है। इस संबंध में मुख्यालय से आदेश जारी कर दिए गए हैं।**



निलंबित अधिकारियों में एक्जीक्यूटिव इंजीनियर जयदेव गौतम, एसडीओ टीके जैन और सब इंजीनियर अंशु दुबे शामिल हैं। तीनों के खिलाफ यह कार्रवाई लोकायुक्त पुलिस इंदौर की ट्रैप कार्रवाई के बाद की गई है। लोकायुक्त टीम ने 21 अप्रैल को कार्रवाई करते हुए जयदेव गौतम को पलासिया स्थित शासकीय आवास पर 1.5 लाख रुपए रिश्वत लेते पकड़ा था। वहीं एसडीओ टीके जैन को विभागीय कार्यालय परिसर में 1 लाख रुपए लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। सब इंजीनियर अंशु दुबे ने भी 1 लाख रुपए की मांग की थी, लेकिन तय रकम से कम मिलने पर उसने रिश्वत नहीं ली। यह मामला धार के ठेकेदार राजपाल सिंह पवार (संचालक, पटेल श्री इंटरप्राइजेस) की शिकायत पर सामने आया। पवार की फर्म ने वर्ष 2023 में करीब 4.73 करोड़ रुपए का सड़क निर्माण कार्य किया था। कार्य पूर्ण होने के बाद अंतिम बिल भुगतान के एवज में अधिकारियों ने 3.5 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। शिकायत के बाद लोकायुक्त पुलिस ने योजना बनाकर ट्रैप किया और दो अधिकारियों को रिश्वत लेते पकड़ लिया। लोकायुक्त एसपी डॉ. राजेश सहाय द्वारा विभाग को भेजे गए प्रतिवेदन के आधार पर राज्य शासन ने तीनों अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है।




# दुर्घटना में युवक की मौके पर मौत

**इंदौर।** इंदौर-महू रोड पर टोल नाके के पास देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके कई साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, मृतक ने हादसे से महज 10 मिनट पहले ही वाहन बदला था। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, सभी युवक मुख्यमंत्री के सोलर प्लांट उद्घाटन कार्यक्रम में इवेंट का काम पूरा कर इंदौर लौट रहे थे। वे कार और आईसर वाहन में सवार थे। बताया जा रहा है कि इंदौर के कुलकर्णी का भट्टा निवासी रजत मुराडे अपने दोस्तों के साथ कार में था, लेकिन रास्ते में वह अपने करीबी दोस्त के साथ बैठने के लिए आईसर वाहन में शिफ्ट हो गया। वाहन बदलने के करीब 10 मिनट बाद ही राजस्थान नंबर के तेज रफ्तार ट्रक ने आईसर को जोरदार टक्कर मार दी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक